

# गिल, जडेजा, सुंदर ने अंग्रेजों को किया बेदम

## मैनचेस्टर टेस्ट हुआ ड्रा, 35 साल से शतकों का था सूखा, एक दिन में आए 3 शतक



**गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ 722 रन के साथ सीरीज खत्म की**

**गावस्कर और जायसवाल के बाद तीसरे भारतीय बने**

**मैनचेस्टर 27 जुलाई. भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ. लेकिन ये मुकाबला भारत के लिए कई मायनों में ऐतिहासिक रहा.**

मैच के तीसरे दिन ही भारत की हार तय हो गई थी, जब टीम इंडिया बल्लेबाजी करने आई और भारत के बिना कोई रन बनाए ही दो विकेट गिर गए. यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले ही पैवेलियन लौट गए. इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होते ही लगा कि भारत 311 रनों के इस विशाल लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाएगा.

### गिल-राहुल ने बचाया

शुभमन गिल और केएल राहुल इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने दीवार की तरह खड़े हो गए और चौथे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड की लीड केवल 137 रनों की रह गई, लेकिन इंग्लैंड के पास भारत के आठ विकेट गिराने के लिए पांचवां दिन पूरा बचा था और भारत को ये मैच ड्रॉ कराने के लिए डटकर बल्लेबाजी करनी थी. मैच के पांचवें दिन केएल राहुल 90 के स्कोर पर आउट हो गए. वहीं कुछ देर बाद शतक बनाकर 103 रन पर गिल का विकेट भी इंग्लैंड को मिल गया. रवींद्र जडेजा 107 रन पर और वॉशिंगटन सुंदर 101 रन पर नाबाद लौटे और इन दोनों ही बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को चारों खाने चित्त कर दिया और अंग्रेज इन बल्लेबाजों के सामने गिड़गिड़ाने पर मजबूर हो गए.

### ब्रायडन कार्स ने गेंद को जूते से दबाया

भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में खेले जा रहा चौथे टेस्ट से बॉल टेंपरिंग का मामला सामने आया है .वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि ब्रायडन कार्स गेंद के जानबूझकर जूते से दबा रहे हैं. कमेंट्री कर रहे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज रिकी पोंटिंग की नजर इस पर पड़ जाती है. वो कहते हैं कि कार्स गेंद को जूते से रगड़ रहे हैं. इस तरह गेंद एक तरफ से खराब होगी और फिर रिवर्स स्विंग मिलना शुरू हो जाएगी.

### जडेजा का अंग्रेजों की धरती पर दोहरा धमाका



भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे चौथे टेस्ट मैच में रवींद्र जडेजा ने वो कारनामा किया है, जो 23 साल पहले दिग्गज खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण ने किया था. जडेजा ने इस सीरीज में पांचवीं बार फिफ्टी लगाई है. जडेजा भारत के लिए टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने आते हैं. वहीं इस सीरीज में छह नंबर पर आकर बल्लेबाजी करके पांच अर्धशतक लगाकर रवींद्र जडेजा ने वीवीएस लक्ष्मण के 23 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. जडेजा ने इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेलते हुए 1000 रन पूरे कर लिए हैं. ऐसा करने वाले वे 7वें एशियाई खिलाड़ी बन गए हैं. इसके अलावा जडेजा इंग्लैंड में 30 से ज्यादा विकेट ले चुके हैं. ऐसा भी 18 एशियाई खिलाड़ी इंग्लैंड की धरती पर कर चुके हैं. लेकिन आज तक कोई खिलाड़ी ऐसा नहीं आया, जिसने इंग्लैंड में 30 से ज्यादा विकेट भी लिए हों और 1000 से ज्यादा रन भी बनाए हों. लेकिन रवींद्र जडेजा ने अंग्रेजों के घर में ये कारनामा कर दिया है. एक स्पिन ऑलराउंडर के रूप में रन और विकेट का यह दोहरा कारनामा जडेजा की काबिलियत को दर्शाता है. वहीं, गैरी सोबर्स के बाद वह पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इंग्लैंड में नंबर 6 से 11 के बीच बल्लेबाजी करते हुए 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं. जडेजा इंग्लैंड में नंबर 6 से 11 के बीच बल्लेबाजी करते हुए एक सीरीज में 5 अर्धशतक लगाने वाले वह पहले एशियाई खिलाड़ी भी बन गए हैं.

### टीम इंडिया के कप्तान 700+ रन बनाने वाले तीसरे भारतीय

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने रविवार को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए टेस्ट सीरीज में 700 या उससे अधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के पांचवें दिन 103 रन बनाकर यह आंकड़ा पार किया। गिल ने सीरीज का समापन 722 रनों के साथ किया, जो किसी भारतीय द्वारा एक टेस्ट सीरीज में बनाए गए तीसरे सर्वाधिक रन हैं। अपनी इस पारी के दौरान, गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 650 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले एशियाई बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में 269 रनों का दोहरा शतक जड़ा था, जो उनका सर्वोच्च स्कोर है।

# एबी डिविलियर्स के बल्ले से मची तबाही

## डब्ल्यूसीएल में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 95 रन से रौंदा

**नई दिल्ली 27 जुलाई.** दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 95 रनों से रौंद डाला है. यह डब्ल्यूसीएल 2025 में दक्षिण अफ्रीका की 5 मैचों में चौथी जीत है और वो पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है. इस मैच में पहले खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 241 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी फुस्स निकली. बेन कटिंग ने अंतिम ओवरों में 59 रनों की तूफानी पारी खेल ऑस्ट्रेलिया की हार का अंतर 100 से नीचे लाने में ब ?ा योगदान दिया.

**39 गेंद में एबी ने ठोका शतक**

दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 241 रन बनाए थे. एबी डिविलियर्स और जेजे स्मट्स ने 188 रनों की सलामी साझेदारी कर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी की कमर तो ?कर रख दी थी. एबी डिविलियर्स ने महज 39 गेंदों में शतक पूरा कर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की जमकर धुनाई की. डिविलियर्स ने 46 गेंदों में 123 रन बनाए, उनके अलावा स्मट्स ने भी खूब तबाही मचाते हुए 85 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली.



### आस्ट्रेलिया का बुरा हाल

ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो पारी की पहली ही गेंद पर क्रिस लिन बिना खाता खोले आउट हो गए. एक के बाद एक विकेट गिरे जा रहे थे, शॉन मार्श का अनुभव काम नहीं आया, वहीं डार्सी शॉर्ट और बेन डंक का बल्ला तबाही मचाने में नाकाम रहा. आलम यह था कि ऑस्ट्रेलिया के 4 विकेट महज 32 रन पर गिर गए थे. अगले 35 रनों में अगले 4 विकेट भी गिर गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 67/8 हो चुका था. कंगारुओं पर 150 से भी ज्यादा रनों की हार का खतरा मंडरा रहा था. ऐसे में बेन कटिंग का बल्ला खूब चला, जिन्होंमे 29 गेंदों में 59 रनों की तूफानी पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए. इस तरह ऑस्ट्रेलिया बहुत ब ?ी हार से बच गया. इस पूरे मैच में दोनों तरफ से 46 चौके और 17 छक्के लगे. अब पॉइंट्स टेबल में दक्षिण अफ्रीका पहले और ऑस्ट्रेलिया नंबर-3 पर बना हुआ है.

# बुब्लिक ने किट्ज़ब्यूहेल में खिताब जीता



**किट्ज़ब्यूहेल, ऑस्ट्रिया 27 जुलाई. कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने शनिवार को किट्ज़ब्यूहेल में आर्थर काज़ाक्स को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरा टूर्नामेंट खिताब जीता।**

विश्व नंबर 30 बुब्लिक ने पिछले सप्ताह गस्ताद में भी काज़ाक्स को हराकर खिताब जीता था। 28 वर्षीय बुब्लिक ने पिछले चार में से तीन इवेंट जीते हैं, जिसमें हाले में ग्रास कोर्ट पर मिली जीत भी शामिल है।

## बौज़कोवा बनीं प्राग ओपन चैंपियन

चेक गणराज्य में, मैरी बौज़कोवा ने शनिवार को ऑल-चेक फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 2-6, 6-1, 6-3 से हराकर अपना दूसरा प्राग ओपन खिताब जीता। 47वें वरीयता प्राप्त बौज़कोवा ने 2022 में इसी इवेंट में अपना पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता था। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पिछले सात में से छह फाइनल गंवाए थे और शीर्ष वरीयता प्राप्त नोस्कोवा के खिलाफ धीमी शुरुआत की, लेकिन फिर वापसी करते हुए जीत हासिल की।



# दिव्या देशमुख चूकीं

## कोनेरू हम्पी से दोनों क्लासिकल गेम ड्रॉ

**चेन्नई 27 जुलाई फीडे महिला विश्व कप फाइनल में भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी के खिलाफ अपने पहले क्लासिकल गेम में मिले मौकों को भुनाने में नाकाम रहने पर दिव्या देशमुख ने निराशा व्यक्त की है।**

**पहले गेम में मौकों के बावजूद जीत से चूकीं दिव्या**

**दूसरा गेम सीधा रहा, दोनों ने कीं कम गलतियाँ**

रविवार को दूसरा गेम भी ड्रॉ होने के बाद, दिव्या ने कहा कि शुरुआती मैच का ड्रॉ %हार जैसा% लगा।

शनिवार को, दिव्या ने हम्पी के खिलाफ कई मौकों पर ऊपरी हाथ हासिल किया, लेकिन अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाने में विफल रहीं। दिव्या ने कहा, मैं पहले गेम से काफी निराश थी, क्योंकि मैंने सब कुछ देखा और मैं हमेशा गलत चुनाव करती रही और यह काफी दुखद था। तो हाँ, पहला गेम मेरे पक्ष में नहीं गया और भले ही यह ड्रॉ था, लेकिन यह एक हार जैसा लगा।

दूसरा गेम काफी सीधा था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शनिवार की तुलना में कम गलतियाँ कीं। हालांकि, दिव्या को लगा कि उन्होंने बिना किसी कारण के अपनी स्थिति को जटिल बना दिया था, जिससे कुछ घबराहट भरे पल आए।

19 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व कप जैसे लंबे टूर्नामेंटों में मध्य-दौर की रिकवरी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मेरा मतलब है, मुझे लगता है कि ऐसा करना बिल्कुल जरूरी है, अन्यथा आप अगले गेम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे।

# मैकिन्टोश ने लेडेकी को पछाड़ा, मार्टेंस बने चैंपियन

## मैकिन्टोश ने 400 मीटर में जीता स्वर्ण





**सिंगापुर, 27 जुलाई (वार्ता) विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की तैराकी प्रतियोगिता में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा के फाइनल में कनाडाई सुपरस्टार सुमर मैकिन्टोश ने लंबी दूरी की तैराकी की क्वीन केटी लेडेकी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जर्मनी के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक लुकास मार्टेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया।**

पुरुष वर्ग में मौजूदा ओलंपिक 400 मीटर फ्रीस्टाइल चैंपियन लुकास मार्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया के 2023 विश्व चैंपियन सैम शॉर्ट को 0.02 सेकंड से हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता। विश्व रिकॉर्ड धारक ने 3:42.35 के समय में पहला स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया के वूमिन किम को कांस्य पदक मिला।

कनाडाई सुपरस्टार समर मैकिन्टोश ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 3:56.26 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक रजत पदक विजेता मैकिन्टोश शुरू से आखिरी तक दौड़ में आगे रही और केटी लेडेकी को इस स्पर्धा में अपना पांचवां खिताब जीतने से रोक दिया। चीन की ली बिंगजी 3:58.21 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि लेडेकी ने 3:58.49 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

# चाइना ओपन में चीन का दबदबा कायम

## शी यूकी और वांग झीयी ने सिंगल्स खिताब जीते



**चांगझोऊ 27 जुलाई.** चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी शी यूकी ने जीत हासिल की, जबकि महिला एकल का खिताब वांग झीयी ने अपने नाम किया। पुरुष एकल फाइनल में विश्व नंबर तीन शी यूकी ने वांग झेंगक्सिंग को 14-21, 21-14, 21-15 से हराया। महिला एकल में, दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी ने चौथी वरीयता प्राप्त हान यू को 21-8, 21-13 से मात दी।

**पुरुष युगल पर इंडोनेशिया का कब्जा**

इस साल चाइना ओपन में एकमात्र ऐसी स्पर्धा जो मेजबान देश ने नहीं जीती, वह पुरुष युगल थी। इसमें इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी ने मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को 21-15, 21-14 से हराकर खिताब जीता। महिला युगल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी लियू शेंगशू और टैन निंग ने अपनी हमवतन जिया यिफान और झांग शुक्सियन को 24-22, 17-21, 21-14 से हराया।

# इटली ने पोलैंड को हरा फाइनल में जगह बनाई

**वारसॉ, 27 जुलाई (वार्ता)** इटली ने 2025 एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) के सेमीफाइनल में मेजबान पोलैंड पर सीधे सेटों में शानदार जीत के साथ अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया। अनुभवी कोच जूलियो वेलास्को के नेतृत्व में, इटली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हर सांख्यिकीय वर्ग में पोलैंड को पछाड़ दिया। गत चैंपियन ने पोलैंड के 30 किल के मुकाबले 51 किल दर्ज किए और मेजबान टीम के छह ब्लॉकों के मुकाबले 11 ब्लॉक दर्ज किए।



# कलिंस्काया ने रादुकानू को हराया

## फर्नांडीज ने रयबाकिना को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**मेक्सिको सिटी 27 जुलाई. वाशिंगटन ओपन में शनिवार को अन्ना कलिंस्काया ने ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहाँ उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज से होगा। कलिंस्काया अब रविवार के फाइनल में अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीतने का लक्ष्य रखेंगी।**

**▸ डीसी ओपन टेनिस**

मैच की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन कलिंस्काया ने पहली ब्रेक लेकर 5-4 की बढ़त बनाई और शुरुआती सेट अपने नाम कर लिया, जिससे रादुकानू ने टूर्नामेंट में अपना पहला सेट गंवाया। दूसरे सेट में भी दोनों ने शुरुआती ब्रेक का आदान-प्रदान किया, जिसके बाद रूसी खिलाड़ी एक बार फिर आगे निकल गईं और निर्णायक बढ़त लेते हुए जीत हासिल की।

इससे पहले, फर्नांडीज ने तीसरे वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 6-7(2), 7-6(3), 7-6(3) से हराकर मैराथन मुकाबले में जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वें वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर का मुकाबला 26वें वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। डी मिनौर ने फ्रेंच लकी लूजर कोरेंटिन मूटेट को 6-4, 6-3 से हराया। वहीं, डेविडोविच फोकिना ने आठवें वरीयता प्राप्त अमेरिकी बेन शेल्टन को 6-2, 7-5 से मात दी।

**सुपर संडे**

**डॉ. मनसुख मांडविया की अगुवाई में 6000 स्थानों पर फिटनेस और देशभक्ति का संगम**

# ‘संडे ऑन साइकिल’ में कारगिल वीरों को सलाम



**अहमदाबाद/नयी दिल्ली, 27 जुलाई (वार्ता)** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अगुवाई में आज अहमदाबाद में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), गुजरात विद्यापीठ के कर्मी, स्थानीय साइक्लिंग समूह और फिटनेस के प्रति उत्साही 800 से अधिक प्रतिभगियों के साथ कारगिल वीरों के सम्मान में ‘संडे ऑन साइकिल’ अभियान में भाग लिया। देश भर में 6000 से अधिक स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को हमारे कारगिल युद्ध के नायकों को सलाम करने और एक स्वस्थ, तंदुरुस्त भारत को बढ़ावा देने के दोहरे मिशन में एकजुट हुए।

सीएपीएफ के कर्मियों ने विशेष भागीदार के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। श्रीनगर सेक्टर सीआरपीएफ द्वारा श्रीनगर में एक प्रमुख रैली का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और जवानों ने ऐतिहासिक लाल चौक घंटाघर से एसकेआईसीसी श्रीनगर तक साइकिल चलाकर राष्ट्रीय गौरव और एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा, हर साल 26 जुलाई को, हम कारगिल विजय दिवस पर अपने सैनिकों की बहादुरी का सम्मान करते हैं। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, आज हमने गर्व के साथ अपने सशस्त्र बलों के साथ ‘संडे ऑन साइकिल’ अभियान में हाथ मिलाया। मुझे अपने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए हमारे सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों के साथ साइकिल चलाने का सौभाग्य मिला। डा. मांडविया ने कहा, एक विकसित भारत का सपना स्वस्थ भारत से शुरू होता है। जब लोग शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो उनकी मानसिक और भावनात्मक क्षमता भी बढ़ती है और ऐसे व्यक्तियों से बना राष्ट्र अजेय बन जाता है। फिटनेस सिर्फ शरीर के बारे में नहीं है; यह जीवन जीने का एक तरीका है जो अनुशासन, एकाग्रता और उद्देश्य को बढ़ावा देता है। मैं हर नागरिक से आग्रह करता हूं कि वह रोजाना कम से कम एक घंटा साइकिल चलाने या शारीरिक गतिविधि के लिए समर्पित करें।

# भारत की पदक के साथ विदाई

## एफआईएसयू गेम्स में मिले 12 पदक

**चेन्नई 27 जुलाई.** जर्मनी के राइन-रुहर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में 16 से 27 जुलाई तक आयोजित 32वें एफआईएसयू ग्रीष्मकालीन विश्व यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का अभियान कुल 12 पदकों (दो स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य) के साथ समाप्त हुआ।

लगभग 300 भारतीय एथलीटों ने 3×3 बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बीच वॉलीबॉल, तलवारबाजी, जूडो, रोइंग, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा की। देश चेंगदू में 2021 में आयोजित पिछले संस्करण के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (11 स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य सहित 26 पदक) से काफी पीछे रहा।

तीरंदाजी और एथलेटिक्स दोनों ने पांच-पांच पदक हासिल किए। तीरंदाजी में साहिल राजेश जाधव (पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड) और परनीत कौर व कुशल दलाल (मिश्रित टीम कंपाउंड) ने दो स्वर्ण पदक जीते। परनीत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत और महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता।